वी.यू. – हर–घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली रैली

आज दिनांक 14 अगस्त को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन एवम निर्देशन में तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन जी के नेतृत्व में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें यात्रा महाविद्यालय परिसर से आरंभ हो कर से विश्वविद्यालय प्रांगण, पशुधन प्रक्षेत्र परिसर सहित कर्मचारी आवास तक पथ संचलन किया गया तथा घर–घर तिरंगा लगाया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय अधिकारी, कर्मचारी एवम छात्र–छात्राओं के साथ राष्ट्रहित में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवम गौरव का संकल्प लिया, इस दौरान माननीय कुलपति जी ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री जी द्वारा की गई हर घर तिरंगा की पहल को राष्ट्रीय एकता और समरसता के लिए वर्तमान परिदृश्यों में विशेष प्रभावी एवम् आवश्यक बताया, एवम् तिरंगे के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए, रैली के दौरान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई प्रभारी डॉ. सोना दुबे, डॉ. माधुरी शर्मा टीचिंग एसोसिएट कु. प्रियंका गौतम, श्री अनिल केवट, श्री प्रतीक कुमार तिवारी, ने विशेष भूमिका निभाई, महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक छात्र एवम छात्रा इस रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. सोना दुबे द्वारा तैयार की गई।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर